पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में जगेसर पासी चौराहा से हड़हवा फाटक होते हुए एच0एन0 सिंह चौक तक बन रही 2–लेन/4–लेन सड़क का निरीक्षण किया

## निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश

## सड़क चौड़ीकरण में जनसुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए, सड़क और इसके आसपास के मोहल्ले में जलजमाव न होने पाए, स्ट्रीट लाइटें बेतरतीब न रहें : मुख्यमंत्री

## नालों पर स्लैब डालकर उसे फुटपाथ जैसा बनाया जाए

**लखनऊ : 04 नवम्बर, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में जगेसर पासी चौराहा से हड़हवा फाटक होते हुए एच0एन0 सिंह चौक तक बन रही 2–लेन/4–लेन सड़क का 05 स्थानों पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क चौड़ीकरण में जनसुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइटें बेतरतीब न रहें। सड़क और इसके आसपास के मोहल्ले में जलजमाव न होने पाए। नालों पर स्लैब डालकर उसे फुटपाथ जैसा बनाया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग तथा नगर निगम को आपसी समन्वय बनाकर कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने जगेसर पासी चौराहे पर कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत ले–आउट मॉडल को देखा और सड़क की लम्बाई–चौड़ाई की जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी ने इस दौरान सड़क निर्माण के दायरे में आने वाले मकानों–दुकानों के स्वामियों को दिए गए मुआवजे के बारे में पूछा। सम्बन्धित अधिकारियों ने अवगत कराया कि सभी को मुआवजा दिया जा चुका है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि इस प्रोजेक्ट को अप्रैल, 2026 में पूरा किया जाना है, लेकिन प्रयास यह है कि समय सीमा से पहले ही कार्य को पूर्ण कर लिया जाए।

जगेसर पासी चौराहे के निरीक्षण के उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने इस मार्ग पर हड़हवा पुलिस चौकी के पास रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण और उसकी शुरुआत तथा अंतिम स्थान के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि ओवरब्रिज के लिए आवश्यक किसी जमीन की रजिस्ट्री बाकी हो, तो उसे जल्द पूरा करा लिया जाए। ओवरब्रिज 4–लेन का बन रहा है, तो इसकी शुरुआत और अंत में चौड़ाई भी उसी अनुरूप होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हड़हवा फाटक के आस–पास क्षेत्र में जलजमाव की समस्या न होने पाए, इस पर पूरा ध्यान होना चाहिए। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने एल्युमिनियम फैक्ट्री रोड पर ओम नगर में आई0डी0बी0आई0 ए0टी0एम0 के पास सड़क के ले–आउट प्लान का अवलोकन किया। यहां उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने जल निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश देते हुए कहा कि नाले के डक को अच्छे से कवर्ड किया जाए।

इसके उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने बशारतपुर चर्च पोखरा के पास निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पी0डब्ल्यू0डी0 और नगर निगम आपसी सामंजस्य से जन सुविधाओं का ख्याल रखें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री जी ने बच्चों को दुलारकर उन्हें चॉकलेट दीं।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Road Inspection-04 November, 2025***